# मुख्यमंत्री भजनलाल ने हमीरगढ़ में एविएशन अकैडमी का उद्घाटन किया

## ड्यूंस एविएशन अकैडमी को राइज़िंग राजस्थान समिट के दौरान भूमि दी गई थी

जयपुर/भीलवाड़ा, 23 सितम्बर। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आत्मनिर्भर भारत के संकल्प में राजस्थान एविएशन के क्षेत्र में अग्रणी भूमिका निभा रहा है। यहां पायलट ट्रेनिंग की विश्वस्तरीय प्रशिक्षण सुविधाओं के निरंतर विस्तार से युवाओं के लिए आसमान में अनंत संभावनाओं के द्वार खुल रहे हैं। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि हमारे युवाओं को ट्रेनिंग के लिए बाहर जाने की आवश्यकता नहीं होगी। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा मंगलवार को भीलवाड़ा के हमीरगढ़ में ड्यूंस एविएशन एकेडमी के उद्घाटन के अवसर पर आमजन को संबोधित कर रहे थे।

- **मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि राजस्थान में एविएशन सैक्टर नई ऊँचाइयाँ छू रहा है, जिसका उदाहरण है, कोटा का ग्रीनफील्ड एयरपोर्ट, उदयपुर एयरपोर्ट विस्तार के लिये 145 एकड़ भूमि की अधिसूचना तथा जयपुर में नये स्टेट टर्मिनल के लिए 12,778 वर्ग मीटर भूमि का आवंटन।**



*मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने मंगलवार को भीलवाड़ा के हमीरगढ़ में ड्यूंस एविएशन एकेडमी का उद्घाटन किया।*

मुख्यमंत्री ने कहा कि निवेशकों का हमारी एविएशन पॉलिसी पर दृढ़ विश्वास है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने राइज़िंग राजस्थान समिट के अंतर्गत ड्यूंस एविएशन एकेडमी को भूमि उपलब्ध कराई थी। इस पर जल्द ही फ्लाइंग शुरू भी हो जाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि राजस्थान न केवल अपने युवाओं को पायलट बनाएगा, बल्कि दुनिया भर के युवाओं के लिए एविएशन की पाठशाला बनेगा। उन्होंने कहा कि राजस्थान में एविएशन सेक्टर निरंतर नई उचाइयां छू रहा है। इसमें कोटा का ग्रीनफील्ड एयरपोर्ट महत्वपूर्ण उपलब्धि है। यह एयरपोर्ट न केवल राजस्थान, बल्कि मध्य भारत के लिए एक महत्वपूर्ण गेटवे बनेगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार ने उदयपुर के एयरपोर्ट विस्तार के लिए 145 एकड़ भूमि के लिए अधिसूचना जारी कर दी है। वहीं, जयपुर के एयरपोर्ट पर नए स्टेट टर्मिनल के निर्माण के लिए 12 हजार 778 वर्ग मीटर भूमि का आवंटन किया जा चुका है। उन्होंने कहा कि किशनगढ़ में फ्लाइंग ट्रेनिंग ऑर्गनाइजेशन भी शुरू हो चुका है।

इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा, नागरिक उड्डयन राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) गौतम कुमार दक, सांसद दामोदर अग्रवाल सहित, अन्य जनप्रतिनिधि, अधिकारी, आमजन एवं ड्यूंस एविएशन एकेडमी के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

### जगन्नाथ मंदिर का खजाना स्थायी रत्न भंडारों में स्थानांतरित

पुरी, 23 सितंबर। ओडिशा में पुरी स्थित विश्व प्रसिद्ध जगन्नाथ मंदिर का खजाना कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच वापस स्थायी रत्न भंडारों में स्थानांतरित कर दिया गया।

मंदिर की एक प्रेस विज्ञिप्त के अनुसार खजाना का स्थानांतरण सुबह 10:55 बजे शुरू हुआ और दोपहर 2:55 बजे समाप्त हुआ। रत्न भंडारों को स्थानांतरण के बाद बंद करते हुए सील कर दिया गया।

## मोहनलाल को दादा साहब फाल्के, शाहरुख व मैसी बैस्ट एक्टर अवॉर्ड से सम्मानित

नयी दिल्ली, 23 सितंबर। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने राजधानी में मंगलवार को आयोजित एक समारोह में 71वें राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार वितरण के अन्तर्गत, मलयालय सिनेमा के अप्रतिम कलाकार मोहनलाल को अति प्रतिष्ठित दादा साहेब फाल्के अवार्ड से सम्मानित किया।

इस अवसर पर अभिनेता शाहरुख खान को सर्वश्रेष्ठ अभिनेता तथा रानी मुखर्जी को सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री का राष्ट्रीय पुरस्कार दिया गया। शाहरुख खान ने इस अवार्ड का साझा विक्रांत मैसी के साथ किया। शाहरुख को यह पुरस्कार उनकी फिल्म जवान के लिए तो मैसी को 12वीं फेल के लिए दिया गया। रानी मुखर्जी को मिसेज चैटर्जी वर्सेज नॉर्वे फिल्म के लिये सर्वश्रेष्ठ आंका गया।

समारोह में सर्वश्रेष्ठ हिंदी फिल्म का पुरस्कार कटहल – ए जैकफ्रूट मिस्ट्री को मिला। यह फिल्म कटहल के चोरी होने और उसकी बरामदगी के बहाने व्यंग्य भरे स्वर में समाज की पड़ताल करती है, जबकि सर्वश्रेष्ठ फीचर फिल्म का पुरस्कार 12वीं फेल को दिया गया। इस फिल्म में गांव के एक सीधे- साधे और बेहद गरीब छात्र के कड़ी मेहनत के बाद भारतीय पुलिस सेवा के अधिकारी के लिए चुने जाने की वास्तविक घटना को फिल्माया गया है।









राष्ट्रदूत (एच.यू.एफ.) के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सोमेश शर्मा द्वारा वतन प्रेस, सुधर्मा, एम.आई.रोड़, जयपुर एवं सुधर्मा-II, लालकोठी शॉपिंग सेंटर, टोंक रोड़, जयपुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक:- राजेश शर्मा । आर.एन.आई. नं. 3641/57, ई-मेल-rastrdut@gmail.com कोटा कार्यालय:-पलायथा हाउस, छत्रपति शिवाजी मार्ग, कोटा। फोन:2386031, 2386032, फैक्स:0744-2386033 बीकानेर कार्यालय:-कुंम्भाना हाउस, हनुमान हत्था, बीकानेर। फोन:2200660, फैक्स: 0151-2527371 उदयपुर कार्यालय:-आयड, मेन रोड आयड, उदयपुर। फोन: 2413092, 2418945, फैक्स: 0294-2410146 अजमेर कार्यालय:-घूघरा घाटी, जयपुर रोड,अजमेर। फोन: 2627612, फैक्स:0145-2624665 जालोर कार्यालय :- जी 1/63, इन्डस्ट्रीयल एरिया, फेस प्रथम, जालोर। फोन: 226422, 226423, फैक्स: 02973-226424 हिण्डौनसिटी कार्यालय :- जी -1-201, रीको औद्योगिक क्षेत्र, हिण्डौनसिटी। फोन: 230200, 230400, फैक्स: 07469-230600 चूरू कार्यालय: एच-150, रीको औद्योगिक क्षेत्र, चूरू, फोन: 256906, 256907, फैक्स:01562-256908